an>

Title: Need to establish an International Sugarcane Research Institute in Haridwar, Uttarakhand.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार) ः हरिद्वार क्षेत्र अध्यात्म और योग की राजधानी होने के साथ उत्तराखंड में गन्ना उत्पादन का मुख्य केंद्र है। हरिद्वार और उसके आस-पास लगने वाले जिले जैसे देहरादून, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ आदि क्षेत्र भी गन्ना उत्पादन के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। कृषि मंत्रालय द्वारा हरिद्वार में गन्ना अनुसंधान केंद्र स्वीकृत हुआ था परंतु उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। क्षेत्र के कृषकों का उत्पादन कृषि जानकारी और शोध के अभाव में प्रभावित हो रहा है।

इस शोधन संस्थान में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शोध की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मेरा यह भी आग्रह है कि इस शोध संस्थान के पर्याप्त विस्तार केंद्र खोले जाएं ताकि प्रयोगशाला की प्रौद्योगिकी तकनीक को किसान के खेतों तक ले जाया जा सके। इसके अतिरिक्त, किसानों के लिए छात्रावास की व्यवस्था भी की जाए। इस विकास केंद्र में समय-समय पर किसानों के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार आयोजित किए जाएं ताकि किसानों को गन्ने की नई लाभकारी प्रजातियों की जानकारी मिल सके और उनका उत्पादन बढ़ सके।

मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि तुरंत प्रभाव से अंतर्राष्ट्रीय गन्ना शोध संस्थान की स्थापना की जाए ताकि किसानों की समस्या के निदान के साथ आस-पास के किसानों को अनुसंधान के विकास का लाभ दिलाया जा सके।